पुणा International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

PERIODIC ASSESSMENT- 3			
Student's Name:	**Roll No.:**	**Grade :**	**VIII**
Date :	**Time:**	**Subject:**	**Hindi**
T. Sign :		**Total Marks**	**25**

अपठित-विभाग

प्र-१ अपठित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(अंक-5)**

सुख विश्वास से उत्पन्न होता है। सुख जड़ता से भी उत्पन्न होता है। पुराने जमाने के लोग सुखी इसलिए थे कि ईश्वर की सत्ता में उन्हें विश्वास था। उस जमाने के नमूने आज भी हैं, मगर वे महानगरों में कम मिलते हैं। उनका जमघट गाँवों, कस्बों या छोटे-छोटे नगरों में है। इनके बहुत अधिक असंतुष्ट न होने का कारण यह है कि जो चीज़ उनके बस में नहीं है, उसे वे अदृश्य की इच्छा पर छोड़कर निश्चित हो जाते हैं। इसी प्रकार सुखी वे लोग भी होते हैं, जो सच्चे अर्थों में जड़तावादी हैं, क्योंकि उनकी आत्मा पर कठखोदी चिड़िया चोंच नहीं मारा करती, किंतु जो न जड़ता को स्वीकार करता है, न ईश्वर के अस्तित्व को तथा जो पूरे मन से न तो जड़ता का त्याग करता है और न ईश्वर के अस्तित्व का, असली वेदना उसी संदेहवादी मनुष्य की वेदना है। पश्चिम का आधुनिक बोध इसी पीड़ा से ग्रस्त है। वह न तो मनुष्य भैंस की तरह खा-पीकर संतुष्ट रह सकता है न अदृश्य का अवलंब लेकर चिंतामुक्त हो सकता है। इस अभागे मनुष्य के हाथ में न तो लोक रह गया है, न परलोक। लोक इसलिए नहीं कि वह भैंस बनकर जीने को तैयार नहीं है और परलोक इसलिए नहीं कि विज्ञान उसका समर्थन नहीं करता। निदान, संदेहवाद के झटके खाता हुआ यह आदमी दिन-रात व्याकुल रहता है और रह-रहकर आत्महत्या की कल्पना करके अपनी व्याकुलता का रेचन करता रहता है।

(क) सुख किनसे उत्पन्न होता है?
(ख) गाँवों में लोग असंतुष्ट नहीं हैं?
(ग) सुखी वे होते हैं जो
(i) जड़ता को स्वीकार नहीं करते (ii) ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार नहीं करते
(iii) (क) व (ख) (iv) कोई नहीं
(घ) पश्चिम का आधुनिक बोध किससे पीड़ित है?
(ङ) 'विश्वास' का विलोम है|

व्याकरण- विभाग

प्र-२ निम्नलिखित उपसर्ग से शब्द बनाए। **(अंक-1)**

1) अन- 2) दु-

प्र-३ निम्नलिखित कारक के भेद लिखिए। **(अंक-2)**

1) तुम कहाँ जा रहे हो ?
2) मेरे लिए दूध लेकर आओ।

3) पुस्तक मेज पर है।

4) अरे! बच्चो शोर मत करो।

प्र-४ निम्नलिखित प्रत्यय से शब्द बनाए। (अंक-2)

1) आड़ी- 2) ऐया-

3) आलू- 4)आक-

लेखन-विभाग

प्र-५ निम्नलिखित विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (अंक-4)

1) आत्मनिर्भरता पर अनुच्छेद

अथवा

आलस्य पर अनुच्छेद

प-६ निम्नलिखित संवाद-लेखन लिखिए। (अंक-3)

1) सब्जीवाले और ग्राहक का वार्तालाप|

अथवा

पिता और पुत्र में वार्तालाप|

साहित्य-विभाग

प्र-७ निम्नलिखित शब्द के समान शब्द लिखिए। (अंक-2)

1) कंचन- 2) घमासान-

3)अभिव्यक्त- 4) धाम-

प्र-८ लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (कोई दो) (अंक-4)

1) सुदामा की दीनदशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई?

2) बच्चों के उधम मचाने के कारण घर कि क्या दुर्दशा हुई?

3) प्रारंभ में इस आंदोलन को चलाने में कौन-कौन सी बाधा आई?

प्र-९ दीर्घ प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (कोई एक) (अंक-2)

1) द्वारका से खाली हाथ लौटते समय सुदामा मार्ग में क्या-क्या सोचते जा रहे थे? वह कृष्ण के व्यवहार से क्यों खीझ रहे थे?

2) भरा-पूरा परिवार कैसे सुखद बन सकता है और कैसे दुखद? कामचोर कहानी के आधर पर निर्णय कीजिए।

पु-ला